तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 12 नवंबर 2025

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

10 4 दिसंबर तक चलेगा मतदाता सूची का विशेष गहन...



11 ओलंपिक खेलने 1168 खिलाड़ी पहुंचे



## खबर संक्षेप



### कार्ड के निर्माण में तेजी लाने प्रयास किए जाने पर दिया जोर

**जगदलपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़े किलेपाल और तोकापाल का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर के निर्देश पर आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य में तेजी लाने के उद्देश्य के साथ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़े किलेपाल का औचक निरीक्षण किया गया। सीएचसी में चल रहे सेक्टर डॉक्टर और सेक्टर सुपरवाइजर की समीक्षा बैठक में बीएमओ डॉ. प्रदीप बघेल के साथ बैठक को संबोधित करते हुए सीएमएचओ ने सीएचसी के सभी आम में आयुष्मान कार्ड और वय वंदन कार्ड के निर्माण में तेजी लाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाने पर बल दिया। इसी तरह क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम का फॉलोअप और ऑनलाइन एंट्री में तेजी लाने के बारे में उपस्थित सभी सेक्टर सुपरवाइजर और सेक्टर डॉक्टर को निर्देश दिए गए। कर्मचारियों की कमी का हवाला देते हुए काम में आ रही बाधा को दूर करने के लिए आगामी दिनों में हो रही भर्ती में से प्राथमिकता के तौर पर कर्मचारियों को बड़े किलेपाल में पदस्थापना देने का आश्वासन दिया गया।

### बस्तर की जनता जाग चुकी, हम बस्तर की रक्षा करेंगे : जोगी




**जगदलपुर।** बस्तर में हो रही हिंसा कोई संयोग नहीं बल्कि एक सुनियोजित साजिश है। 2 से 9 नवंबर के बीच हुए 12 हमले इस बात का सबूत हैं कि किसी के व्यापारिक हितों को पूरा करने के लिए भाजपा तनाव फैला रही है। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) की मांगों में हिंसा पर तत्काल रोक, संविधान के अनुच्छेद 25 का पूर्ण क्रियान्वयन, खनिज संसाधनों पर स्थानीय नियंत्रण, रोजगार में 100 फीसदी स्थानीय आरक्षण एवं सभी कंपनियों के डीएमएफ फंड की ऑडिट आदि शामिल हैं। बस्तर की जनता जाग चुकी है। हम फूट डालो की रणनीति को विफल करेंगे। हम एक रहेंगे, हम नहीं बटेंगे और हम बस्तर की रक्षा करेंगे। यह बातें जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने मंगलवार को पत्रकार भवन में आयोजित पत्रवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि अडानी-भाजपा गठजोड़ के खिलाफ आंदोलन करेंगे। अब यही कंपनी बस्तर के संसाधनों को लूटना चाहती है। जोगी ने कहा कि बस्तर की जनता की सुरक्षा पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। पत्रवार्ता में जिला अध्यक्ष नवनीत चांद सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### हत्या कर साक्ष्य छुपाने पर दो आरोपियों को आजीवन कारावास

**जगदलपुर।** हत्या कर साक्ष्य छुपाने मामले की सुनवाई कर रहे प्रधान सत्र न्यायाधीश गोविंद नारायण जांगड़े ने हत्या के आरोपी पूरनधर मौर्य एवं जगतु मौर्य को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास तथा अर्थदण्ड से दंडित किया। न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मामले में पैरवी कर रहे लोक अभियोजक ने बताया कि घटना 7 जून 2024 को ग्राम एवं चौकी ककनार थाना-मारडूम मृतक जगबंधु कश्यप एवं दोनों आरोपीगण पुरनधर उर्फ पूरन मौर्य पिता रामुराम मौर्य एवं जगतु मौर्य पिता माहरू दोनों आरोपीगण निवासी ग्राम ककनार खैरगुड़ापारा पैदल रात्रि लगभग बारह से एक के मध्य सल्फी झाड़ के तरफ जाने के दौरान उनके मध्य जमीन संबंधी विवाद को लेकर मृतक उनके मध्य धक्का-मुक्की होने एवं उसी दौरान, आरोपी जगतु मौर्य द्वारा उसे मार दो कहने पर, मृतक के साथ दोनों द्वारा मिलकर जगबंधु कश्यप के पैर, घुटना पर मारने ▶▶ शेष पेज 10 पर

# प्रशिक्षण का उद्देश्य सरकारी कामकाज को आसान, पारदर्शी और कुशल बनाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

## ई-ऑफिस प्रणाली के सुचारू संचालन पर जोर, अधिकारी-कर्मचारियों को मिला प्रशिक्षण

जिले के समस्त विभागों एवं कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली के सफल क्रियान्वयन, सुचारू संचालन और इसके प्रयोगों को सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण सुशासन और पेपरलेस कार्यप्रणाली की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगी, जिसका उद्देश्य सरकारी कामकाज को आसान, पारदर्शी और कुशल बनाना है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों को डिजिटल फाइल प्रबंधन और कार्यालय की प्रक्रियाओं को संभालने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करना है। प्रशिक्षण में प्रणाली के विभिन्न पहलुओं को कवर किया गया, जैसे कि फाइल ट्रैक करना, इलेक्ट्रॉनिक रूप से फाइलें आगे बढ़ाना और डिजिटल हस्ताक्षर और रिकॉर्ड प्रबंधन जैसे उपकरणों का उपयोग करना।

प्रणालीगत ज्ञान के तहत कर्मचारियों को ई-ऑफिस प्रणाली के मूल सिद्धांतों, डिजिटलीकरण, पेपरलेस वर्क और प्रभावी कार्यप्रवाह को समझाया गया। कार्यात्मक कौशल पर ध्यान केंद्रित किया गया, ताकि कर्मचारी फाइलें और रिकॉर्ड्स को डिजिटल रूप से स्कैन करना, बनाना, संपादित करना और सहेजना सीख सकें। प्रशिक्षण का एक महत्वपूर्ण लक्ष्य रीयल-टाइम फाइल ट्रैकिंग और ऑडिट ट्रेल्स के माध्यम से त्वरित और सूचित निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना है, साथ ही कर्मचारियों के बीच बेहतर सहयोग और ज्ञान प्रबंधन को बढ़ावा देना है।



### प्रशिक्षण का महत्व

ई-ऑफिस प्रणाली सुशासन को बढ़ावा देने और पारदर्शी प्रशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का एक अभिन्न अंग था जिसने सरकारी कार्यालयों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाएगा। इस प्रणाली को लागू करने से न केवल काम की गति और दक्षता में सुधार होगी, बल्कि नागरिकों को भी प्रशासनिक प्रक्रियाओं में तेजी और सुविधा मिलेगी। इस प्रशिक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर सत्येंद्र बंजारे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

**व्यवस्था :** पेसा कानून के तहत बनी है ग्राम स्तरीय शिक्षा समिति

# कोलावाड़ा गांव में शिक्षा की अनोखी क्रांति, ग्रामीणों ने खुद संभाली कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

शहर से महज 30 किलोमीटर दूर बस्तर के वनांचल में स्थित इस छोटे से गांव कोलावाड़ा में कुछ ऐसा हो रहा है जो दूर-दराज के इलाकों के लिए मिसाल बन सकता है। पेसा कानून के तहत बनी ग्राम स्तरीय शिक्षा समिति ने गांव की शिक्षा व्यवस्था को न केवल संभाल लिया है, बल्कि उसे नई दिशा भी दे रही है। सरपंच, पंच, ग्राम सभा अध्यक्ष, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक, गांव के बुजुर्ग, महिलाएं और युवा सभी मिलकर एक टीम बन चुके हैं। इस टीम के सदस्य विश्वनाथ नाग और प्रेमकुमार नाग ने बताया कि टीम में समर्पित सदस्यों की भूमिका सराहनीय है, जो हर कदम पर आगे बढ़कर जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इनका मकसद साफ है प्रशासन के सहयोग से बच्चों को पढ़ाना, स्कूलों पर नजर रखना एवं शाला प्रबंधन सहित आंगनबाड़ी की गतिविधियों को सुचारु करना और गांव की हर समस्या को शिक्षा के जरिए सुलझाना। इस दिशा में शिक्षा विभाग के अधिकारियों सहित शिक्षकों का भी अहम भूमिका है। पिछले दो महीनों से समिति के सदस्य हर पारा, ▶▶ शेष पेज 10 पर

■ हर गतिविधि को सुचारु करना और समस्याओं को शिक्षा के जरिए सुलझाना उद्देश्य



### पहली से आठवीं तक के बच्चों को मुफ्त पढ़ा रहे

यहां बदलाव की शुरुआत हो चुकी है। गांव के युवाओं और समिति सदस्यों ने अपनी जेब से पैसे निकाले। जागरूक ग्रामीणों ने कुल 6,050 रुपए इकट्ठे किए और इस पैसे से बच्चों की पढ़ाई के लिए अतिरिक्त सामग्री पेन, कॉपी, पहाड़ा चार्ट, तीन व्हाइट बोर्ड, बल्ब, तार और होल्डर आदि खरीदी गई। हर पारा को एक बोर्ड मिला, ताकि बच्चे ग्रुप में पढ़ सकें। शाम ढलने पर भी पढ़ाई न रुके, इसके लिए बिजली की व्यवस्था की गई। अब गांव के ही युवा स्वयंसेवक पहली से आठवीं तक के बच्चों को मुफ्त पढ़ा रहे हैं। बच्चों की पढ़ाई के लिए सामग्री बांटने का दिन यादगार रहा। सरपंच, पंच, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, बुजुर्ग, महिलाएं पूरा गांव उमड़ पड़ा। आंगनबाड़ी से लेकर आठवीं तक के शिक्षकों की मेहनत की तारीफ हुई। बच्चों के हाथों में नई कॉपियां, पेन और बोर्ड थमाए गए। समिति ने वादा किया आगे भी सहयोग जारी रहेगा।

### नशे की लत को दूर करने के लिए अभियान चला रहे

स्कूल से गायब बच्चे अब घर पर नहीं बैठेंगे। समिति उनके घर जाएगी, कारण जानेगी और स्कूल भेजेगी। नशे की लत को दूर करने के लिए अभियान चला रहे हैं। स्वच्छता और स्वास्थ्य पर कार्यक्रम हो रहे हैं। स्कूल और आंगनबाड़ी की नियमित निगरानी हो रही है। जो बच्चा पढ़ने में रुचि दिखाएगा, उसे किताबें, पेन, जरूरत की हर चीज मिलेगी। अगले सत्र में जो बच्चा प्रथम श्रेणी लाएगा, उसे ग्राम सभा और समिति की ओर से इनाम जरूर मिलेगा। कोलावाड़ा अब सिर्फ एक गांव नहीं रहा। यह एक उम्मीद बन चुका है। जहां लोग खुद अपने बच्चों का भविष्य गढ़ रहे हैं। जहां शिक्षा कोई सरकारी योजना नहीं, बल्कि गांव की अपनी मुहिम बन गई है। बस्तर का यह कोना अब पूरे राज्य को बता रहा है जब इच्छाशक्ति हो, तो रास्ते अपने आप बनते हैं।

# एम्बुलेंस ने मारी टक्कर स्कूटी सवार मासूम की मौत

बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी मां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

तेज रफ्तार एम्बुलेंस व स्कूटी के बीच मंगलवार सुबह हुई टक्कर में स्कूटी सवार मासूम की मौत हो गई। वहीं हादसे में अन्य को भी चोट आई है। जानकारी के मुताबिक गीदम रोड में एक तेज रफ्तार एम्बुलेंस व स्कूटी में भिड़ंत हो गई इस घटना में एक मासूम बच्ची की मौत हो गई जबकि अन्य लोग घायल हो गए जिन्हें बेहतर उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। वहीं हादसे के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है वहीं बच्चों के परिजन भी अस्पताल पहुंच कर मामले की जानकारी लेते रहे। जानकारी के मुताबिक गीदम रोड निवासी नेहा सिंह अपनी बेटी जान्हवी 6 वर्ष, विकास 26 वर्ष, नीतू 22 वर्ष, 1 वर्ष का बच्चा सभी को लेकर घर से विद्या ज्योति स्कूल जा रहे थी तभी सामने से आ रही एम्बुलेंस से स्कूटी की टक्कर हो गई। इस हादसे में घायल जान्हवी की मौत हो गई जबकि अन्य लोग घायल हो गए घटना की जानकारी लगते ही परिजनों से लेकर आसपास के लोग अस्पताल पहुंच गए। बताया जा रहा कि कोंडागांव निवासी एक परिवार शुक्रवार को दर्शन करने के लिए पूरी गए हुए थे वही वापस लौटने के दौरान कोटपाड़ के पास बन रहे नए सड़क में कार का पहिया स्लिप हो गया जिससे कार अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे जा पहुंचा। हादसे के बाद घायलों को बेहतर उपचार के लिए कोटपाड़ ▶▶ शेष पेज 10 पर

■ मौके पर पहुंची पुलिस कर रही मामले की जांच

# अपरिचित लिंक पर क्लिक करने से बचें व साइबर अपराधों से सुरक्षित रहें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष गोविंद नारायण जांगड़े के मार्गदर्शन में स्थान तुरेनार में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी एवं प्राधिकरण की सचिव कु. अंकिता कश्यप द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व, बच्चों के कानूनी अधिकारों तथा डिजिटल सुरक्षा के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि शिक्षा ही व्यक्ति को अपने अधिकारों की पहचान कराती है और जागरूक नागरिक बनने की दिशा में पहला कदम है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम की प्रमुख धाराओं से अवगत कराया गया ताकि वे किसी भी प्रकार के शोषण या उत्पीड़न की स्थिति में अपने अधिकारों की रक्षा कर सकें। साथ ही बच्चों को मोबाइल फोन के सुरक्षित उपयोग के प्रति भी सवेत किया गया। उन्हें ▶▶ शेष पेज 10 पर

■ शिक्षा से अधिकारों की पहचान पर विधिक साक्षरता शिविर



### बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि जगाना

व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि जगाना, उनके कानूनी अधिकारों की समझ विकसित करना तथा उन्हें सुरक्षित और जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था। सभी विद्यार्थियों को अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया और यह संदेश दिया कि शिक्षा, जागरूकता और आत्मविश्वास के माध्यम से ही सुरक्षित एवं सशक्त समाज का निर्माण संभव है।

# किसान के घर- गोदाम में छापा मारा, 100 बोरा धान अवैध जब्त

**जगदलपुर।** मंडी की टीम ने बस्तर जिले के ग्राम नियानार के एक किसान घर के गोदाम में छापा मार कर 100 बोरा अवैध धान जब्त किया। इस पर मंडी अधिनियमों के अनुसार कार्रवाई की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबीर की सूचना पर जगदलपुर के कृषि उपज मंडी के सचिव जितेन्द्र दुबे के नेतृत्व में निरीक्षक वीरेन्द्र दिल्लीवार की टीम ने ग्राम नियानार निवासी वासुदेव नाग के घर के गोदाम का तलाशी की। इसमें 100 बोरा धान मिला, जिसका मंडी का लायसेंस नहीं मिला, जिससे उक्त धान को जप्त किया गया और मंडी के नियमानुसार कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 की धारा 23 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की गई। वहीं दूसरी ओर सचिव ने मंगलवार को शहर के चांदनी चौक में पिकअप पकड़ा, जिसमें 50 बोरा मक्का मिला, जिसपर कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि इस पिकअप में लदे मक्का को कोल्ड स्टोरेज भेजा जा रहा था, लेकिन उसका दस्तावेज नहीं मिला। सचिव ने बताया कि उपजों की जांच की जा रही है।



वरिष्ठ नागरिकों को कोषागार या बैंक जाने की आवश्यकता नहीं होगी

# पेंशनरों ने सीखा डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र घर बैठे जमा करना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

सोमवार को पेंशनरों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाने का एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में आयोजित इस सत्र का उद्देश्य पेंशनरों को जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाना था। जिससे इन वरिष्ठ नागरिकों को कोषागार या बैंक जाने की आवश्यकता न रहे।

प्रशिक्षण सत्र में लीड बैंक मैनेजर जॉर्ज विल्सन तिर्की, भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा के प्रबंधक आनंद खत्री, पेंशनर संघ के अध्यक्ष राम नारायण ताती और वरिष्ठ कोषालय अधिकारी अनिल पाठक, सहायक कोषालय अधिकारी ममता ध्रुव सहित विभिन्न आहरण एवं संवितरण अधिकारी तथा बैंकों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। आनंद खत्री ने डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र के संबंध में तकनीकी जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से जीवन प्रमाण ऐप, आधार फेस आईडी ऐप और उमंग ऐप का उपयोग करते हुए घर बैठे ही डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की पूरी विधि समझाई। यह जानकारी खासकर उन पेंशनरों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हुई, जिन्हें शारीरिक रूप से बैंक जाने में कठिनाई होती है। पेंशनरों को जीवन प्रमाण पत्र जमा करने में आने वाली दिक्कतों को दूर करने के लिए उन्हें डोर स्टेप बैंकिंग की सुविधा के बारे में भी विस्तार से बताया गया। इसके अलावा पेंशन से संबंधित त्वरित सहायता और समस्याओं के समाधान के लिए भारतीय स्टेट बैंक में नियुक्त नोडल अधिकारी का संपर्क नंबर भी पेंशनर संघ के पदाधिकारियों और उपस्थित पेंशनरों के साथ साझा किया गया। इस दौरान लर्निंग वीडियो और पीपीटी भी उपस्थित पेंशनरों के साथ साझा किए गए जिससे वे बाद में भी इस प्रक्रिया को आसानी से दोहरा सकें और डिजिटल प्रमाण पत्र जमा करने में आत्मनिर्भर बन सकें।



## बस्तर जैसे आदिवासी इलाके में वोटर लिस्ट से कट जाएंगे हजारों नाम

# सहकारी कर्मी हड़ताल पर, 4 दिन बचे खरीदी के लेकिन सरकार गंभीर नहीं : भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू होने वाली है। पूरे प्रदेश में सहकारी कर्मी हड़ताल पर है। खरीदी व्यवस्था पर सरकार मौन है। ऐसे में खरीदी शुरू होने पर संशय है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को राजीव भवन में पत्रवार्ता में यह बात कहीं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में विस्फोट आतंकी घटना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को चुनाव की चिंता है और वे बिहार में व्यस्त हैं। अमित शाह को चुनाव या गृहमंत्री दोनों में से एक को अपनाना चाहिए। उन्हें इस्तीफा देकर पार्टी संगठन के काम में ध्यान देना उचित होगा। भूपेश बघेल ने राज्य और केंद्र सरकार पर आरोप लगाते कहा कि बस्तर की खनिज संपदा और जमीन खतरे में है। आदिवासी क्षेत्र में घूसकर व्यापारी और उद्योगपति कब्जा कर रहे है। जंगल का आदिवासी कहां जाएगा। रमन सरकार के समय नक्सल प्रभावित 4 जिले नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा और सुकमा के अंदरूनी इलाके ▶▶ शेष पेज 10 पर

■ मोदी-अमित शाह चुनाव में व्यस्त, देश की सुरक्षा खतरे में



### केंद्रीय एजेंसी का दुरूपयोग

भूपेश बघेल ने कहा कि भिलाई में नसबंदी से 2 महिलाओं की मौत हो गई। उन्होंने सीधा आरोप लगाया कि प्रदेश में घटिया दवाई की सप्लाई हो रही है, मौतें और होंगी। इस पर कोई कार्रवाई केंद्रीय एजेंसियां नहीं कर रहीं हैं। उनको सिर्फ कांग्रेस और विपक्ष के लोग ही टारगेट में नजर आते हैं। यहीं कारण है कि भाजपा के भ्रष्ट लोग मजे ले रहे हैं और विपक्ष पर जांच की तलवार लटक रही है।

### योजनाओं का हाल बुरा

भूपेश बघेल ने कहा कि मेरे 3 साल के कार्यकाल में 2 साल कोरोना में चला गया आखिरी 1 साल चुनाव में निकल गया। काम करने को मिला 2 ढाई साल उसमें भी हमने जो काम किया वह सीधे जमीनी लोगों से जुड़ा काम था। 66 वनोपज का समर्थन मूल्य घोषित किया, सड़कों का जाल बिछाया, बंद स्कूल खुलवाया , हाट बाजार क्लिनिक से इलाज करवाया, अंदरूनी इलाकों में पोस्ट खोले, गोठान योजना से गरीबों को काम में लगाया ऐसे कई योजनाएं हैं, जिस पर सरकार केवल आरोप लगाती है साबित नहीं करती। आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल में गरीब बच्चे कान्वेंट की तरह पढ़ाई कर रहे है। इस पर भी सरकार ध्यान नहीं दे रही है। भूपेश बघेल ने कहा कि 2 साल में सरकार की योजनाओं का हाल बेहाल है। केवल लूट खसोट में सारे लोग लगे है।

### बिहार में घुसपैठिए तो छत्तीसगढ़ में बताएं, कौन हैं

पूर्व मुख्यमंत्री ने मतदाता सूची के विषय में शुरू की गई कार्यवाही पर कहा कि बिहार में घुसपैठिए कहकर भाजपा के नेताओं ने राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास किया। अब बस्तर में जहां नक्सल प्रभावित इलाके में महिलाएं आवश्यक दस्तावेज कैसे लाएंगी। इससे बड़ी संख्या में लोगों का नाम वोटर लिस्ट से कट जाएगा। यहां कौन घुसपैठिया है, सरकार बताए।

मेडिकल कॉलेज में घायल की हालत गंभीर

# छात्रावास में भोजन बनाता छात्र झुलसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बकावंड

ग्राम पंचायत किजोली छात्रावास के रसोई घर में रसोईया के अनुपस्थित रहने के कारण एवं छात्रावास अधीक्षक सोनाधार गोयल के नदारद रहने से छात्र भद्रे पिता डूंगरी प्रतिदिन की तरह छात्रावास के छात्रों के लिए रात्रि 7 बजे भोजन तैयार कर रहा था। तभी गरम खौलते तेल की चपेट में आकर उसका चेहरा बुरी तरह झुलस गया। छात्रावास के अधीक्षक और विभाग के अधिकारी इस बात को दबाने का प्रयास करते रहे। जिसकी सूचना बालक के पालकों को मिली। तत्पश्चात आनन फानन में बालक को मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में भर्ती कराया गया। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। अधीक्षक और रसोइया की लापरवाही का नतीजा बालक को भुगतना पड़ा। छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित होती है। इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर यादव से संपर्क करने पर उन्होंने चर्चा नहीं की। बारदा के सरपंच तिलोत्तमा मौर्य ने बताया कि घटना की जानकारी मिली थी उसके पश्चात छात्रावास का निरीक्षण ▶▶ शेष पेज 10 पर

■ किजोली छात्रावास के अधीक्षक के हमेशा नदारद रहने से छात्र बनाते हैं भोजन



**खबर संक्षेप**

## उच्च-स्तरीय बैठक में होगी बुनियादी ढांचे और विकास कार्यों की समीक्षा

जगदलपुर। बस्तर संभाग के विकास और विभिन्न विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए 12 नवंबर को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जा रहा है। यह समीक्षा बैठक जिला कार्यालय बस्तर के सभा कक्ष प्रेरणा हॉल में सुबह साढ़े 11 बजे शुरू होगी। बैठक की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ शासन के अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग करेंगे और इसमें संयुक्त सचिव (एल.डब्लयु.ई), भारत सरकार की उपस्थिति भी रहेगी। यह बैठक बस्तर संभाग के सातों जिलों के कलेक्टरों, संभाग स्तर के अधिकारियों और संभागीय नोडल अधिकारियों के लिए आयोजित की गई है। इस उच्च-स्तरीय बैठक का मुख्य उद्देश्य जिलों में बुनियादी ढांचे से संबंधित अंतराल का आकलन करना है। समीक्षा के केंद्र में विशेष रूप से सड़क, पुल-पुलिया, मोबाइल टॉवर, प्राथमिक विद्यालय, पीएचसी, सीएचसी, आंगनबाड़ी और आजीविका आदि विषय रहेंगे। इसके अतिरिक्त विभागीय कार्यों की वर्तमान प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की जाएगी।

### हिंसा और भय के रास्ते को छोड़ आत्म सुधार के मार्ग पर आगे बढ़े आत्मसमर्पित माओवादी

# सुदर्शन क्रिया से पा रहे मानसिक स्थिरता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बरसों तक जंगलों की हिंसा और भय की जिंदगी को अलविदा कह चुके 30 आत्मसमर्पित माओवादियों के लिए छत्तीसगढ़ में अब शांति की नई सुबह हो रही

- 30 आत्मसमर्पित माओवादियों के लिए छत्तीसगढ़ में अब शांति की नई सुबह हो रही

है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की संवेदनशील सरकार पुनर्वास की एक अनूठी मिसाल कायम करते हुए इन पूर्व उग्रवादियों को आजीविका की राह के साथ ही मानसिक स्थिरता भी प्रदान करने का कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ शासन के प्रयासों से आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रवि शंकर की संस्था आर्ट ऑफ लिविंग अब इन लोगों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर करने में जुटी है।




सशस्त्र संघर्ष के साए में जीने वाले इन व्यक्तियों के मन में गहरा तनाव और नकारात्मकता घर कर गई थी, लेकिन आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षण शिविरों में वे अब योगासन, प्राणायाम और लयबद्ध सुदर्शन क्रिया की शक्तिशाली श्वास तकनीक का अभ्यास कर रहे हैं। यह तकनीक तनाव, चिंता और अवसाद को कम करने के साथ-साथ भावनात्मक स्थिरता और मानसिक स्पष्टता प्रदान करती है। प्रशिक्षक बताते हैं कि यह केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि क्रोध के चक्र से मुक्ति और आत्म-सम्मान की पुनर्स्थापना की एक गहन प्रक्रिया है।

उल्लेखनीय है कि बीजापुर जिले से आत्मसमर्पण करने वाले ये 30 पूर्व माओवादी वर्तमान में जगदलपुर के आड़ावाल लाइवलीहुड कॉलेज में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत तीन महीने का व्यावसायिक प्रशिक्षण ले रहे हैं। ये पूर्व माओवादी गेस्ट सर्विस एसोसिएट का प्रशिक्षण लेकर ग्राहक संवाद, होटल मैनेजमेंट और सॉफ्ट स्किल्स सीख रहे हैं। सरकार का उद्देश्य स्पष्ट है इन्हें बस्तर के होमस्टे, रिसॉर्ट्स और टूरिस्ट स्पॉट्स में आत्मनिर्भर बनाना, जिससे ये बस्तर के पर्यटन को नई उड़ान दे सकें और समाज की मुख्यधारा में मजबूती से स्थापित हो सकें।

## रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में हुई रंगारंग प्रतियोगिताएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती समारोह के अंतर्गत 11 नवंबर को आईटीआई बस्तर में रंगारंग प्रतियोगिताओं का आयोजन

- प्रशिक्षणार्थियों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर लिया भाग

किया गया। संस्था के प्रशिक्षणार्थियों ने इस कार्यक्रम में रंगोली, पोस्टर और चित्रकारी प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर उत्साहपूर्वक भाग लिया।

यह आयोजन विशेष रूप से संस्था के छात्रों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया था। प्रशिक्षणार्थियों ने अपनी कला और विचारों को कैनवास और फर्श पर उतारकर छत्तीसगढ़ की संस्कृति, प्रगति और भविष्य के दृष्टिकोण को जीवंत कर दिया। प्रतियोगिता स्थल पर एक अद्भुत कलात्मक ऊर्जा और उत्सव का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के समापन पर संस्था के प्राचार्य डॉ. एके मांडले ने सभी प्रतिभागी प्रशिक्षणार्थियों की सराहना की और उनकी मेहनत की प्रशंसा की।




## उद्धव चरित्र कथा में भक्ति और वैराग्य का अनुपम संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर के सीताराम शिवालय में आयोजित आठ दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के अंतर्गत कथा व्यास आचार्य सुमित भारद्वाज ने श्रीमद्भागवत महापुराण के उद्धव

- श्रद्धालुओं के हृदय में गहरी आध्यात्मिक चेतना जागृत की

प्रसंग का सुंदर विवेचन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण अपने परम सखा उद्धव को उपदेश देते हैं कि सच्चा वैराग्य संसार से भागने में नहीं, बल्कि उसमें रहते हुए ईश्वर में लीन रहने में है। गोपियों और उद्धव संवाद के माध्यम से आचार्य ने प्रेमभक्ति की सर्वोच्च स्थिति का भावपूर्ण चित्रण किया, जिससे पूरा परिसर कृष्णमय हो उठा। कथा आयोजन का शुभ कार्य संगीता देवी, ऋषभ साव एवं समस्त साव परिवार के सौजन्य से हो रहा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से कथा का श्रवण किया और जय श्रीकृष्ण के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा। साथ ही आचार्य ने जीवन में सच्चे प्रेम, विनम्रता और ईश्वर-स्मरण को अपनाने का संदेश दिया। भक्तिमय वातावरण में आयोजित उद्धव चरित्र कथा ने श्रद्धालुओं के हृदय में गहरी आध्यात्मिक चेतना जागृत की।






### भागवत दान महोत्सव आज

बताया जा रहा है कि 12 नवंबर को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष एवं भागवत दान महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से श्रद्धालु पुनः भागवत रस में सराबोर होंगे।






अलंकार ज्वेलर्स । भावना ज्वेलर्स । भव्य ज्वेलर्स । चन्दन ज्वेलर्स । चंपालाल टाटिया ज्वेलर्स । देवेंद्र ज्वैलर्स । गौरव ज्वेलर्स । जे. महेंद्रकांत ज्वेलर्स । जय लक्ष्मी ज्वेलर्स
किशन ज्वेलर्स । कुमकुम ज्वेलर्स । लक्ष्मी ज्वेलर्स । ललित ज्वैलर्स । महालक्ष्मी ज्वेलर्स । महावीर ज्वेलर्स । मनीष ज्वेलर्स । मोती ज्वेलर्स । मुस्कान ज्वेलर्स । नानेश ज्वेलर्स । ओम ज्वेलर्स । पारस ज्वेलर्स
प्रभात ज्वेलर्स । प्रेमराज संतोष कुमार बाफना ज्वेलर्स । श्रद्धा ज्वेलर्स । श्री कृष्णा ज्वेलर्स । श्री लुंकड़ ज्वेलर्स । श्री वेंकटेश्वरा ज्वेलर्स । सिल्वर पैलेस । त्रिशला ज्वेलर्स । विकास ज्वेलर्स